तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 मार्च 2025

11 एडीसी ने किया नेशनल चैंपियन बनी गांव नरड़...



12 बाबा गैबी साहब मंदिर में लगाया वार्षिक भंडारा



## शहर में आज

- सुबह पांच बजे गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब में शब्द कीर्तन।
- सुबह पांच बजे अग्रवाल धर्मशाला में प्रभात फेरी।

रोहिल्ला स्कूल में 8 बजे से पहले लगी कतारें



78 वर्षीय राजकुमार को वोट को लेकर जाती पुत्रवधु



गजब का उत्साह: 78 वर्षीय भोपाल वोट डालने जाते हुए



वोट के बाद निशान दिखाते भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा



## खबर संक्षेप

### खेत से कीमती सामान चोरी, मामला दर्ज

जींद। नरवाना स्थित आजाद नगर मोहल्ले के निकट खेत से चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया। आजाद नगर निवासी दीपक ने नरवाना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोहल्ले में ही कुछ दूरी पर खेत हैं। बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे से काफी सामान चोरी कर लिया गया। जब अगले दिन सुबह खेत में गया तो चोरी के बारे में पता चला। चोर खेत से एक मोटर, चार लोहे की रॉड व अन्य लोहा चाबी पाने, फीक्स बॉल, बैड, लोहे की तार आदि सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने दीपक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज के लिए महिला को पीटा, छह पर दर्ज

जींद। शहर थाना नरवाना पुलिस ने दहेज के लिए महिला से मारपीट करने पर छह ससुरालीजनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। चौपड़ा पत्ती नरवाना निवासी महिला सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2023 में शांति नगर निवासी मुकेश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद तो ससुरालजनों ने उसे ठीक रखा लेकिन उसके बाद उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। जांच अधिकारी एएसआई अनिल देवी ने बताया कि पुलिस ने शांति नगर निवासी मुकेश, सास शीला, ननंद अंजू और मंजू, दीपक, कुलदीप पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भगवान नगर में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

जींद। भगवान नगर में चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को चोरी कर लिया। भगवान नगर निवासी सुनील कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक को घर के आगे गली में खड़ा किया हुआ था। जब वह घर से बाहर आया तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पार करते समय कार ने मारी टक्कर

जींद। भिवानी रोड पर गांव बीबीपुर के निकट सैर के लिए गए एक वृद्ध को कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध की मौत हो गई। गांव बीबीपुर निवासी राममेहर ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। शनिवार को पिता बलबीर सुबह खेतों की तरफ गए थे। सुबह साढ़े छह बजे के करीब जब वह वापस लौट रहा था तो यदुवंशी स्कूल के पास सड़क को पार करने लगा तो भिवानी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसके पिता को टक्कर मार दी।

### हादसे में घायल युवक ने पीजीआई में तोड़ा दम

कैथल। हादसे में घायल युवक की चंडीगढ़ पीजीआई में मौत हो गई। गांव भूना निवासी सुरेश कुमार की शिकायत पर गुहला थाना में केस दर्ज किया है। 28 फरवरी को चीका मंडी में गया था। उसका भतीजा दीपक कुमार चीका स्थित निजी बैंक में था। शाम को दीपक उसे चीका में मिल गया था। रात पौने नौ बजे वह और दीपक चीका से भूना आ रहे थे। पीडल नहर के पास कार ने भतीजे की बाइक टक्कर मार दी थी। दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे अमर अस्पताल पटियाला ले गए। जहां से उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था। पीजीआई में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## 12 मार्च को होगी मतगणना, जुलाना में 70.9 प्रतिशत मतदान

# नौ चेयरमैन पद के प्रत्याशी व 34 पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना उपमंडल के नगरपालिका क्षेत्र में मतदाताओं में वोटिंग को लेकर उत्साह दिखाई दिया। लोग आठ बजे से पहले ही लाइनों में खड़े दिखाई दिए। पोलिंग पार्टियों द्वारा 7 बजे मॉक पोलिंग करवाई गई। जुलाना में चेयरमैन पद के लिए 9 प्रत्याशी तो पार्षद पद के लिए 34 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। सुरक्षा के मद्देनजर 350 पुलिस कर्मचारियां की तैनाती की गई थी। जुलाना से आने-जाने वाले हर रास्ते पर नाकाबंदी की गई थी। जींद-रोहतक मार्ग पर, देवरड़ रोड पर, मालवी फाटक पर, गोहाना की तरफ जाने वाले रास्ते परए पुराना बस स्टैंड व पुराने बस स्टैंड पर पुलिस ने नाके लगाए गए थे। मतदान सुबह 8 बजे से सांय 6 बजे तक संपन्न हुआ। एक, दो, तीन बूथों को संवेदनशील बूथ बनाया गया था। प्रत्येक बूथ पर 10 पुलिस कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा द्वारा विभिन्न अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इसी क्रम में जुलाना उपमंडल में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुचारू चुनाव संचालन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जुलाना उपमंडल में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया था।

**सुरक्षा रही चाक चौबंद:** सभी बुथों पर सुरक्षा चाक चौबंध रही। दो लेयर की सुरक्षा की गई थी। एक बुथ के मैन गेट के बाहर तो दुसरा बुथ के गेट के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था। फर्जी वोटिंग को रोकने के लिए मैन गेट पर ही आईडी चैक की जा रही थी। इसके अलावा मैन गेट पर मोबाईल के साथ प्रवेश पर भी रोक लगाई गई थी।



जींद। ईवीएम लेकर जाते कर्मचारी।



जींद। मतदान के लिए मतदाता पर्ची की जांच करते हुए चुनावकर्मी।



### डीसी और एसपी ने किया बूथों का निरीक्षण

जुलाना के नपाा चुनाव में प्रशासनिक प्रबंधों का जींद के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा और एसपी राजेश कुमार ने निरीक्षण किया। जींद के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी को कानून का उलंघ्घन नहीं करने दिया जाएगा। उनके द्वारा सभी बूथों का निरीक्षण किया गया है। सभी बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान रहा।

### डीएसपी ने निरीक्षण के बाद टेंट को उखड़वाया

जुलाना के लाइन पार बूथ नंबर 13 के पास 200 मीटर की हद में चेयरमैन प्रत्याशी वकील ने टैंट लगाया था। निरीक्षण पर पहुंचे डीएसपी जितेंद्र कुमार ने टेंट का देखा तो तुरंत टेंट को उखाडने के निर्देश दिए। तुरंत टैंट का उखाड़ा गया। डीएसपी जितेंद्र ने कहा कि कोई भी प्रत्याशी बुथ के 200 मीटर की हद में टेबल नहीं लगाएगा।



जींद। मतदान केंद्र पर पहुंचते हुए सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार।

### जुलाना नगरपालिका की स्थिति का ब्यौरा

| वार्ड नंबर | मतदाता | पुरूष | महिला | आरक्षण स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 984 | 511 | 473 | अनारक्षित |
| 2. | 1002 | 533 | 469 | अनारक्षित |
| 3. | 1129 | 609 | 520 | अनारक्षित |
| 4. | 917 | 511 | 406 | अनुसूचित जाति |
| 5. | 1101 | 567 | 534 | बीसीए महिला |
| 6. | 721 | 385 | 336 | अनारक्षित |
| 7. | 1322 | 694 | 628 | बीसीए |
| 8. | 1015 | 559 | 456 | अनारक्षित |
| 9. | 996 | 522 | 474 | अनारक्षित |
| 10. | 911 | 468 | 443 | अनुसूचित जाति महिला |
| 11. | 1129 | 600 | 529 | बीसी बी महिला |
| 12. | 758 | 396 | 362 | अनुसूचित जाति |
| 13. | 905 | 489 | 416 | अनुसूचित जाति महिला |
| 14. | 773 | 421 | 352 | महिला |
| कुल मतदाता | 13663 | 7265 | 6398 | |

### 14 बूथों पर इस प्रकार वोटिंग

| बूथ | कुल वोट | पोल वोट |
|---|---|---|
| बूथ न 01 | 985 | 756 |
| बूथ न 02 | 1002 | 790 |
| बूथ न 03 | 1129 | 879 |
| बूथ न 04 | 917 | 571 |
| बूथ न 05 | 1101 | 735 |
| बूथ न 06 | 721 | 596 |
| बूथ न 07 | 1322 | 822 |
| बूथ न 08 | 1015 | 495 |
| बूथ न 09 | 996 | 743 |
| बूथ न 10 | 911 | 618 |
| बूथ न 11 | 1129 | 817 |
| बूथ न 12 | 758 | 567 |
| बूथ न 13 | 905 | 669 |
| बूथ न 14 | 773 | 626 |
| कुल मतदाता | | 13665 |
| वोट पोल हुई | | 9684 |

### मतदान के दौरान सुबह लगी लंबी कतारें, फिर रहा सन्नाटा

मतदान को लेकर बुथों पर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह के समय कई बुथों पर लंबी कतारें लग गई लेकिन दोपहर होते ही सभी बूथों पर सन्नाटा छा गया। दोपहर बाद फिर से भीड़ जुटनी शुरू हो गई।

### 14 वार्डों में 9 प्रधान, 12 वार्डों में 32 पार्षद प्रत्याशी हैं मैदान में, दो वार्डों में सर्वसम्मति

जुलाना कस्बे में शहर की सरकार बनाने के लिए सरगर्मियां तेज हो गई। चुनावी ताल ठोकने वाले अब प्रधान पद के लिए 9 व पार्षद पद के लिए 32 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जुलाना नपा के पूर्व उप प्रधान विजय बैरागी और उनकी पत्नी सुमित्रा चुनावी मैदान में हैं। पहले विजय बैरागी वार्ड 6 से पार्षद थे। अबकि बार विजय बैरागी वार्ड नंबर 7 से चुनावी मैदान में हैं तो उनकी पत्नी सुमित्रा वार्ड 14 से चुनावी मैदान में हैं।

### पार्षद पद के लिए उम्मीदवार मैदान में

वार्ड 1 से मनदीप व सोनिया, वार्ड 2 से राजपाल और कविता, वार्ड 3 से खुशीराम और जितेंद्र लाठर, वार्ड 4 मोनू सर्वसम्मति, वार्ड 5 रीतू, पूजा और सुजाता, वार्ड 6 पवन कुमार, संदीप व ओमप्रकाश, वार्ड 7 रामनिवास, राजेश, प्रदीप व विजय कुमार, वार्ड 8 से संदीप सर्वसम्मति, वार्ड 9 से सुभाष चंद, राहूल, अजीत व अजय कुमार, वार्ड 10 से रामभतेरी, मीना व पूजा रानी, वार्ड 11 से ममता और सोनम, वार्ड 12 से सुमितए भारत और राकेश कुमार, वार्ड 13 से रजनी देवीए ज्योतिए रोशनी और मौसमीए वार्ड 14 से मंजू और सुमित्रा।

### प्रधान पद के उम्मीदवारों के चुनाव में

सुनील कुमार, कौशल कुमार, मोहिंद्र सिंह, डा. संजय जांगड़ा, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह, ठंडीराम, जोगिंद्र व वकील हैं।

# नगर पालिका सीवन रहा मतदान में सबसे आगे


**45101 में से 34956 वोटरों ने डाले मतदान**

**कलायत, पूंडरी और सीवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम**

नरेश पंवार ⏭ कैथल

नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत रविवार को संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया में तीनों नगर पालिका में 77.5 प्रतिशत मतदान हुआ। इन नगर पालिका की कुल 45101 में से 34956 वोट डाले गए। मतदान प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह रहा।

इसमें सबसे अधिक सीवन नगरपालिका में रहा 80 प्रतिशत तो सबसे कम पूंडरी नगरपालिका में 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, सीवन में पहली बार नगर पालिका का चुनाव होने चलते मतदान प्रतिशत अधिक रहा। पूंडरी में इस बार 74.1 और कलायत नगर पालिका में 78.8 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछली बार की अपेक्षा पूंडरी में नौ तो कलायत में 11 प्रतिशत मतदान कम रहा। वहीं, मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद बूथों पर तैनात पोलिंग पार्टियों ने स्ट्रांग रूम में अपनी ईवीएम जमा करवा दी। मतदान प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तीनों नगर पालिका में चुनाव लड़ रहे प्रधान व पार्षद पद के कुल 180 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है, जिसका परिणाम 12 मार्च को मतगणना के बाद घोषित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।



कैथल। स्ट्रांग रूम में इवीएम जमा करवाते चुनावी कर्मचारी।

### यहां बने स्ट्रांग रूम

डीसी प्रीति ने बताया कि कलायत नगर पालिका के लिए नगर पालिका कार्यालय भवन में, पूंडरी नगर पालिका के लिए एंग्लो संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में व सीवन नगर पालिका के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जहां पर जिला प्रशासन की ओर से सभी ईवीएम को जमा कर लिया गया है।

**बूथों पर तैनात पोलिंग पार्टियों ने स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करवा दी**

### कैथल जिले में हुए मतदान का आंकड़ा

| नपा | कुल वोट | डले वोट | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सीवन | 14886 | 11881 | 80.0 |
| कलायत | 14577 | 11480 | 78.8 |
| पूंडरी | 15639 | 11595 | 74.1 |
| कुल | 45101 | 34956 | 77.5 |

नोट यह आंकड़ा रात आठ बजे तक का आयोग के डैशबोर्ड अनुसार है।

## सफीदों वार्ड-14 उपचुनाव: 81.5 प्रतिशत हुआ मतदान

- 1384 वोटों में से 1128 वोटरों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

सफीदों। सफीदों के वार्ड नंबर 14 का उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इस उपचुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। बता दें कि इस वार्ड में कुल 1384 मतदाता है। जिसमें से 1128 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मताधिकार का प्रयोग करने वालों में 603 पुरूष व 525 महिला मतदाता शामिल रहे। सायं को मतदान खत्म होने के बाद 81.5 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चुनाव को लेकर आदर्श कालोनी स्थित राजकीय मिडल स्कूल में पोलिंग बूथ बनाया गया था। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए मतदान केंद्र पर व्यापक रूप से पुलिस बल तैनात रहा। मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी जोश देखने को मिला। इस उपचुनाव को लेकर प्रशासन काफी सतर्क दिखाई दिया। पोलिंग सुबह 8 बजे शुरू हो गया था जोकि सायं 6 बजे निरंतर जारी रहा। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा व डीएसपी गौरव शर्मा ने कई बाद पोलिंग स्टेशन का दौरा किया और चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि इस उपचुनाव में ज्योति देवी, नीरू कुमार व अजीत कुमार अपना-अपना भाग्य आजमा रहे थे और रविवार को उनका भाग्य ईवीएम मशीनों में कैद हो गया। इस चुनाव को संपन्न करवाने के लिए दो पोलिंग पार्टियां भेजी गई थी, जिसमें से एक पार्टी को रिजर्व रखा गया था। अब इस चुनाव की मतगणना आगामी 12 मार्च को सफीदों के राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में करवाई जाएगी।



**तैयारी** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में डीआरडीए हाल में बैठक आयोजित

# परीक्षाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं :डीसी

- बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में स्थानीय डीआरडीए हाल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में होने वाली सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी वार्षिक परीक्षाओं, डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष रीअपीयर परीक्षा और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने इस दौरान सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी और सतर्कता से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने बैठक में जानकारी दी कि जिले में कुल 86 परीक्षा केंद्र और 17 सीबीएसई परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन को लेकर अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि केवल एप्रूव्ड स्टाफ और कर्मचारी ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कर सकेंगे और परीक्षा के दौरान बिजली की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आबादी वाले क्षेत्रों में नकल जैसी गतिविधियों की आशंका को देखते हुए ऐसे क्षेत्रों मे स्थित परीक्षा केंद्रों पर पुलिस को नियमित गश्त लगाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा और इस नियम का सख्ती से पालन किया जाएगा।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों का व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जाए ताकि किसी भी अनियमितता की स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचना मिले और तत्काल कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने भी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो: हरिभूमि

### परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा बढ़ाई

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात किया गया है जबकि संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की नकल और अनुचित गतिविधियों को रोका जा सके। यदि किसी परीक्षा केंद्र के प्रभारी को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता महसूस होती है तो वह तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित करेंए ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने सभी परीक्षा केंद्रों की संरचनात्मक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सेंटर सुपरिटेंडेंट को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों की चारदीवारी, खिड़कियां और दरवाजे पूरी तरह सुरक्षित और दुरुस्त होने चाहिए। यदि कहीं कोई कमी पाई जाती हैए तो तुरंत मरम्मत करवाई जाए। जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बैठक के दौरान बोर्ड परीक्षा से संबंधित दिशा.निर्देशों की जानकारी दी। इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दस मार्च तक प्रभावित किसान करें आवेदन

जींद। जिला में 20 फरवरी को कुछ गांवों में ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण रबी फसल को नुकसान पहुंचा था। इसको लेकर प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन को अपनी शिकायतें दर्ज करवाई थी। किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राज्य मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी और ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की सिफारिश की। सरकार ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल को सक्रिय कर दिया है ताकि प्रभावित किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा मिल सके। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन किसानों की रबी फसल ओलावृष्टि या भारी बारिश से प्रभावित हुई है वे ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जाकर 10 मार्च तक अपने नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। आवेदन अपलोड करने के बाद पटवारी और कानूनगो द्वारा भौतिक निरीक्षण कर सत्यापन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



जींद। रक्तदाता की हौंसलाअफजाही करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल।

## युवाओं को रक्तदान के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए

**जींद।** सर्व कल्याण मंच जींद के तत्वावधान में नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता दंपत्ति मंजू शर्मा व सुभाष ढिगाना ने अपने पिता स्व. डा. वेदप्रकाश शर्मा की छटी पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 25 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट तिजेंद्र ढुल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। जबकि समाजसेवी डा. समुंद्र सिंह लाठर ने रक्तदान शिविर की अध्यक्षता की।

## अदालत में कार्यरत कर्मी से 10 लाख रुपये ठगे

**कैथल।** गुहला पुलिस ने अदालत में कार्यरत एक कर्मचारी से पैसे दोगुना करने के नाम पर साढ़े दस लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव प्योदा के कर्मजीत की शिकायत पर चीका के लख्मीचंद पर गुहला थाना में ठगी का केस दर्ज किया गया है। वह गुहला कोर्ट में एसए के पद पर तैनात है। आरोपित लख्मीचंद चीका के कन्या स्कूल में सरकारी अध्यापक लगा हुआ है। 2022 में आरोपित उसे कोर्ट में मिलने के लिए आया था और उससे पांच लाख रुपये मांग रहा था। उस समय मना कर दिया था। कुछ दिन बाद आरोपित उसे अपने घर बुलाया था। वहां भी आरोपित ने उससे पांच लाख मांगे और उसे लालच दिया कि इन पैसों को दोगुना करके वापस देंगे। ऐसे कहा कि इन पैसों को क्रीप्टो में लगाएंगे। पैसे दोगुना करने की जिम्मेदारी हमारी होगी।

### राष्ट्रीय सर्व बूरा सिरोही खाप का 12वां स्थापना दिवस व सम्मान समारोह संपन्न

# 50 को बूरा सिरोही रत्न पुरस्कार से नवाजा

- समारोह में बूरा सिरोही रत्न पुरस्कार से समाज के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया
- खाप ने मृत्यु भोज, दहेज प्रथा के साथ-साथ शादी में डीजे पर प्रतिबंध की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय सर्व बूरा सिरोही खाप का 12वां स्थापना दिवस और सम्मान समारोह रविवार को ऐतिहासिक हाट गांव में मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य संस्कृति, संस्कार, धर्म और सम्मान की सुरक्षा करना रहा। खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर सिंह बूरा ने कहा कि समाज की एकता और भाईचारे को मजबूत करने के साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया जाएगा। समारोह में बूरा सिरोही रत्न पुरस्कार से समाज के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें बूरा सिरोही गोत्र के आईएएस, आईपीएस, एचसीएस अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी, बिना दहेज शादी करने वाले व्यक्ति और आयोजन स्थल हाट गांव के सम्मानित नागरिक शामिल रहे। समारोह में विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इनमें सामाजिक संदेश, खाप का महत्व, नशा मुक्ति, कीटनाशकों के दुष्प्रभाव, जैविक खेती, दहेज प्रथा, भाईचारा और प्रेम का संदेश शामिल रहा। इस दौरान सत्यनारायण बूरा, दिलबाग सिंह कुंडू, धर्मपाल बूरा, कुलदीप बूरा, दिलबाग सिंह बूरा, महेंद्र बूरा, अजीत सिंह, आनंद राज सिरोही यूपी, मास्टर राम चंदर बूरा ने विचार व्यक्त किए।



जींद। बूरा रत्न सम्मान से सम्मानित करते हुए खाप प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

### अलग-अलग श्रेणी में सम्मान

बूरा रत्न सम्मान के तहत 101 वर्षीय रखनु बूरा, जीतराम शर्मा, ठाकुर शिव मंदिर समिति और मास्टर राजपाल निंभा को सम्मानित किया गया। दहेज मुक्त विवाह करने वालों में अनिरुद्ध बूरा, मोहित बूरा, प्रभात बूरा, रामदिया बूरा, कपिल बूरा, परमीत बूरा, सुभे सिंह बूरा और राजकुमार को सम्मान मिला। शहीदों के परिजनों में रामचंदर बूरा और प्रेम सिंह बूरा को विशेष सम्मान दिया गया। एकल बालिका वाले परिवारों में बलजीत सिंह बूरा और हरिओम बूरा को भी सम्मानित किया गया। खेल जगत में उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों में चेतन बूरा, अभिषेक बूरा, अमित बूरा, मोहित बूरा, सोनू बूरा, पूनम बूरा, मनुज बूरा, परविंदर बूरा, देव बूरा शामिल रहे। इन खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, कुश्ती, कबड्डी और जूडो में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की। सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले जितेंद्र बूरा और राजेश बूरा को सम्मानित किया गया।



कैथल। पंजाबी सेवा सदन परिसर में गरीबों को राशन वितरित करते पदाधिकारी

## पंजाबी सेवा सदन ने बांटा राशन

- नि:शुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग केंद्र का नया सत्र शीघ्र शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज. कैथल

पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। आज संस्था के मुख्य संरक्षक इंद्रजीत सरदाना, संरक्षक तुलसी दास सचदेवा, प्रधान प्रदर्शन परुथी, सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान नरेंद्र निझावन व वरिष्ठ सदस्य विनोद खंडूजा ने राशन सेवा में सहयोग राशि दी। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है। परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही सदन परिसर में बने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्थान में हर तरह के कोर्स मुफ्त करवा समाज सेवा का कार्य भी कर रही है। प्रधान परुथी ने बताया जो भी युवक व युवती कम्प्यूटर कोर्स करना चाहते हैं वे पंजाबी सेवा सदन में संपर्क कर जानकारी हासिल कर सकते है। मौके पर इंद्रजीत सरदाना, भारत भूषण टक्कर, नरेंद्र निझावन, सतीश चावला, लखमी दास खुराना, सुभाष कथूरिया, सुरेश अरोड़ा, मनोहर लाल आहूजा, मोहिंद्र पपनेजा, मदन कटारिया, सुषम कपूर, राज कुमार दुआ, विशम्बर पुनानी, यश पाल मल्होत्रा, विनोद खंडूजा, ज्ञान प्रकाश कुमार, गुलशन चुघ, जगदीश कटारिया, मोहिंद्र सोनी, राजेंद्र आहूजा, अनिल डिंपल मेहता, वरुण मदान, चंद्र शेखर नरूला, मनोज कुर्रा मौजूद रहे।

# भवन निर्माण मजदूर चार को श्रम मंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगे

- जींद जिला में ब्लॉक किए गए 32 हजार पंजीकरण बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। निर्माण मजदूरों को संबोधित करते हुए।

भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण को ब्लॉक करने के खिलाफ जींद के निर्माण मजदूर और कारीगर चार मार्च को श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को लेकर पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के गांव भंभेवा, जाजवान, नगूरां, में बैठकों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि अकेले जींद जिला में 32 हजार पंजीकरण ब्लॉक कर दिए गए। इन ब्लॉक किए गए पंजीकरण को बहाल करने की लगातार मांग की जा रही है लेनिक कोई सुनवाई नही हो रही है। जब तक सरकार इस पंजीकरण को बहाल नही करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विभाग की ओर से अधिकारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही करने की बजाए कल्याण बोर्ड से अकेले जींद जिले के 32 हजार मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक कर दिया है। सरकार द्वारा गली-गली में सेवा केंद्र ऑनलाइन के नाम पर भ्रष्टाचार के अड्डे खोल दिए गए हैं।

# डीबीके इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

डीबीके इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 2025 का शानदार आयोजन किया गयाए जिसमें छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत वेलकम सॉन्ग और गणेश वंदना से हुई। इसके बाद फार्मर्स एक्टए ऑटिज्म पर संवेदनशील प्रस्तुतिए तथा स्पैनिशए गुजरातीए हरियाणवी और अफ्रीकन नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रेट्रो डांस और ओलंपिक्स थीम पर आधारित प्रदर्शन भी मुख्य आकर्षण रहे। शिव स्तुति ने आध्यात्मिक वातावरण बनायाए जबकि रामायण का मंचन मुख्य आकर्षण रहा। छात्रों ने भगवान राम के जीवन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कियाए जिसे देखकर दर्शक भाव.विभोर हो गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया कुक्रेजा ने छात्रोंए शिक्षकों और अभिभावकों को इस भव्य आयोजन की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैंए बल्कि उनकी रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ को भी विकसित करते हैं। उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि म्न्चभ्व्त्। 2025 जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीबीके इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के साथ.साथ सह.शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी उत्कृष्टता का परिचय दियाए जिससे यह आयोजन यादगार बन गया।




जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# सफीदों में डायल 112 की गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**ग्रामीणों ने लोगों की मदद से नहर में गिरी बाइक को भी बाहर निकवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों नगर की हांसी ब्रांच नहर पटरी पर गैस एजेंसी पुल के पास एक सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें बाइक सवार गांव पाजू कलां निवासी दो युवक नीरज (22) व हरिओम (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों द्वारा सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से डाक्टरों ने उन्हें गंभीरावस्था में पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहीं काफी तादाद में ग्रामीण भी नागरिक अस्पताल में जमा हो गए थे। गुस्साएं ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंच कर कुछ देर हंगामा भी किया। मामले की सूचना पाकर सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। घायल नीरज व ग्रामीणों के आरोप थे कि पुलिस की डायल 112 गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। नीरज ने बताया कि वह अपने मौसी के यहां शादी समारोह में जा रहे थे लेकिन एकदम से डायल 112 की गाड़ी ने उनका पीछा करते हुए नहर पुल के पास टक्कर मारकर फरार हो गए और वे बाइक सहित नहर में जा गिरे और बुरी तरह से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा नहर से निकालकर अस्पताल में पहुंचाया गया था। उधर ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों की मदद से नहर में गिरी बाइक को भी बाहर निकवाया। ग्रामीणों ने मांग की कि डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मामले में शिकायत प्राप्त होने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।





एबुलेंस में लेटे दोनों घायल।






कैथल। स्वयंसेवकों को संबोधित करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज की एनएसएस टीम द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ राजकीय प्राथमिक स्कूल खुराना कैथल में किया गया। यह शिविर 5 मार्च तक लगाया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. सत्यबीर मेहला ने प्रतिभागियों को एन.एस.एस. के मोटो /"नोट मी बट यू/" को अपने जीवन में उतारने के प्रेरणा दी जिसका अभिप्राय है खुद से पहले दूसरों की सेवा करना। नेल्सन मंडेला की मिसाल देते हुए बताया कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार है। इस शिविर की शुरूआत एन.एस.एस की प्रार्थना एवं गीत के साथ की गई। शिविर के पहले चरण की शुरूआत योग और सूर्य नमस्कार से को गई। कार्यक्रम अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन की महत्ता के बारे में बताया और उन्हें गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कैम्प में 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को अलग अलग जिम्मेदारियों के अनुसार छोटी छोटी एकांकियों में बांटा गया। दोपहर में भोजन के बाद कॉलेज के बीआर अंबेडकर कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर सुनीता अरोड़ा ने साइबर सिक्योरिटी के विषय पर प्रेरक भाषण दिया और विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया और इससे बचने के साधन बताए। इस अवसर पर डॉ. संजय गर्ग, डॉ. राजेश देसवाल एवं अनिता ने सभी गतिविधियों का समन्वय किया।

## आचार, विचार बिगाड़ने का मुख्य कारण मन पर अन्न का प्रभाव : सरिता

- प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विद्यालय की ओर से अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन

राजौंद। नगर के प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विद्यालय की ओर से अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े दर्जनों भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मौजूद भाई-बहनों को सरिता बहन नीलम बहन ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज समाज में दिनोंदिन बिगड़ रहे आचार, विचार और व्यवहार को बिगाड़ने का मुख्य कारण मन पर अन्न का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों में प्रेम, भाईचारे की भावना कुट-कुट कर भरी हुई थी, जबकि आज ठीक उसके विपरीत हो रहा है, क्योंकि आज अन्न तामसिक होने के कारण मानव का मन कुलपीत होता जा रहा है। असंध आश्रम से आई ऊषा बहन ने कहा कि मन की शांति का आधार राज योग एक ऐसी शिक्षा है, जिसके द्वारा मनुष्य अपनी पाशविक वृतियों को त्यागकर दैवी कृतियां अपना सकता है। उन्होंने कहा कि आज घर-घर में अशांति का माहौल है, इसलिए राज योग की शिक्षा अति आवश्यक है।

# जिले के 423 सरकारी प्राथमिक स्कूलों में पीटीएम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई शिक्षा नीति के तहत निपुण मिशन गतिविधियों पर आधारित जिले के सभी 423 प्राथमिक स्कूलों में रविवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने रुचि लेते हुए बैठक में भाग लिया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिले में एफएलएन गतिविधियों का संचालन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र की अगुवाही में करवाया जा रहा है। अभिभावक शिक्षक बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एफएलएन रिकार्ड पूरा करने ओर स्कूल समुदाय को नजदीक लाने के लिए रहा।

अभिभावक शिक्षक बैठक का उद्देश्य समुदाय के साथ सांझेदारी बढ़ाना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा विद्यालय व अध्यापकों की बैस्ट प्रैक्टिस को मंच प्रदान करना है। अभिभावक शिक्षक बैठक के आयोजन से अभिभावकों को निम्न अधिगम स्तर के बच्चों के लिए किए गए विद्यालय स्तरीय प्रयासों से अवगत करवाया गया, विद्यालय की बेस्ट प्रेक्टिस, निपुण बच्चों की जानकारी अभिभावकों को दी गई व रीडिंग मेले का आयोजन किया गया। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों के अधिगम स्तर की जानकारी मिली।

विद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अभिभावकों को नए सत्र के लिए अधिक से अधिक दाखिले करवाने के लिए प्रेरित किया गया।

**जिले में बालवाटिका से पांचवी की छात्र संख्या**

| | |
|---|---|
| बालवाटिका | 4643 |
| पहली कक्षा | 4617 |
| दूसरी कक्षा | 4852 |
| तीसरी कक्षा | 7359 |
| चौथी कक्षा | 8457 |
| पांचवी कक्षा | 9188 |





# स्वयंसेवकों को तनावमुक्त होने के सिखाये गुर

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्या वीना कुमारी के निर्देशन में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने तनावमुक्त रहने के गुर सीखे। सर्वप्रथम सुरेंद्र धवन ने मेडिटेशन एवं मेमोरी टेक्निक्स पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने एनएसएस वॉलंटियर्स को मेमोरी बढ़ाने की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया एवं मेडिटेशन के माध्यम से तनाव मुक्त रहने के गुर सिखाए। इसके पश्चात साइकोलॉजिस्ट नरेश जागलान ने छात्राओं के साथ प्री मटेरियल काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। उन्होंने इस अवस्था में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान सुझाए। दोपहर बाद डा. सतीश मलिक ने शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार फिजिकल एक्टिविटी के माध्यम से हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने उन बीमारियों के कारण एवं उपचार पर भी प्रकाश डाला, जो शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण उत्पन्न होती हैं।

**तैयारी** मशीनों की सहायता से अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा

# लैंड स्लाइड की टीम रेलवे अंडरपास के निर्माण के लिए पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेडी 7 पर बन रहे रेलवे अंडरपास के निर्माण को लेकर चंडीगढ़ से लैंड स्लाइड की दस सदस्यीय टीम रविवार को जींद पहुंची। सोमवार से टीम कार्य शुरू कर देगी। हालांकि मशीन देर रात तक पहुंच जाएगी। इसके बाद मशीनों की सहायता से अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल अंडरपास के निर्माण में जहां मिट्टी की ज्यादा खोदाई की हुई है, वहां पर ज्यादा दिक्कत आ रही है। यहां पर मिट्टी खिसकने जैसी समस्या आने की संभावना है। इसको लेकर एचएसआरडीसी विभाग ने निर्माण के लिए चंडीगढ़ से लैंड स्लाइड की टीम को बुलाया हैए ताकि निर्माण कार्य सुरक्षित ढंग से हो सके और कार्य में भी तेजी लाई जाए। अब निर्माण कार्य तेजी से होगा।



काम में जुटी टीम

- सुरक्षित निर्माण और तेजी लाने के लिए सुबह से होगा काम शुरू
- मिट्टी खिसकने से रेलवे अंडरपास के निर्माण में आई थी अड़चन

गौरतलब है कि भिवानी रोड स्थित जेडी 7 पर रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वहां मिट्टी खिसक गई थी। इससे 100 फीट लंबा नाला भी गिर गया था। उसके बाद कुछ मकानों के आगे गहरी खाई बन गई थी। जिससे मकानों में लोग और पशु कैद हो गए थे। इससे स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई थी लेकिन उसके बाद दिन.रात चले कार्य के बाद स्थिति सामान्य हो गई है। मनरेगा मजदूरों को बुलाकर एक-दो दिन में ही मिट्टी के कट्टों के माध्यम से खाई को पाट दिया था। इसके बाद ही लोगों को राहत मिल पाई थी। अब उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

### बारिश के कारण हुई थी परेशानी

पिछले तीन-चार दिन पहले चले बारिश के दौर से एक बार फिर लोगों और विभाग की परेशानी बढ़ गई थी। लोगों के साथ-साथ विभाग को भी अंदेशा था कि यदि तेज बारिश हुई तो मिट्टी खिसकने जैसी घटना हो सकती है। इसको लेकर विभाग ने पहले ही दोनों शैडों को पॉलीथिनों से ढक दिया था। राहत की बात यह रही कि तेजी बारिश नहीं हुई। जहां मिट्टी खिसकने का डर थाए वहां पर अब कंकरीट दीवार बना दी है। इससे कई मकानों के आगे मिट्टी खिसकने का डर खत्म हो गया है।

### पशुओं की भी बनाई जाएगी व्यवस्था

मिट्टी खिसकने से जिन मकानों के अंदर पशु रह गए थे। उनको निकालने के लिए विभाग ने लोगों से बातचीत की। विभाग अधिकारियों का कहना था कि वे दीवार तोड़ कर अपने पशु बाहर निकाल सकते हैं। विभाग बाद में अपने खर्चे पर दीवार बनवा देगा। लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही आने दी जाएगी। इसके बाद लोगों का कहना था कि वे पशुओं की व्यवस्था खुद कर

### चंडीगढ़ से लैंड स्लाइड की टीम पहुंची

एचएसआरडीसी डीजीएम शशांक ने बताया कि चंडीगढ़ से दस सदस्यीय लैंड स्लाइड की टीम पहुंच गई है। सोमवार से टीम निर्माण कार्य शुरू कर देगी। मौसम भी साफ हो गया है। अब कार्य तेजी से होगा। लोगों को भी कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## तीनों नगर पालिका में हुआ अनुमानित 77. 5 प्रतिशत मतदान

# ईवीएम में कैद हुआ नगर पालिका के प्रधान व पार्षद पद के 180 उम्मीदवारो का भाग्य

- महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ किया मतदान
- जिले में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

निकाय चुनाव में जिला के तीन नगरपालिका सीवन, कलायत व पूंडरी में रविवार को मतदान शांति पूर्वक संपन्न हो गया। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तीनों नगर पालिका में चुनाव लड़ रहे प्रधान व पार्षद पद के कुल 180 उम्मीदवारो का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है, जिसका परिणाम 12 मार्च को मतगणना के बाद घोषित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। जिला की तीनों नगर पालिका में 45 हजार 102 मतदाता हैं। मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे वोटिंग शुरू हो गई थी। ई डेशबोर्ड के अनुसार जिला में शाम 6:30 बजे तक 34956 लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसका अनुमानित प्रतिशत 77.5 हुआ। कलायत नगर पालिका में 11480 मतदाताओं ने ( 78.8 प्रतिशत), पूंडरी नगर पालिका में 11595 मतदाताओं ने (74.1 प्रतिशत), सीवन नगर पालिका में 11881 मतदाताओं ने ( 79.8 प्रतिशत) मतदान किया। कलायत नगर पालिका के लिए नगर पालिका कार्यालय भवन में, पूंडरी नगर पालिका के लिए एंग्लो संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में तथा सीवन नगर पालिका के लिए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जहां पर जिला प्रशासन द्वारा सभी ईवीएम को जमा किया गया।





मतदान करने के लिए पहुंचे मतदाता

### जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने किया सभी 48 मतदान केंद्रों को दौरा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने सभी 48 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और चुनाव प्रकिया का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं तथा मत प्रतिशत आदि के बारे जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मतदाताओं से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान को संपन्न करवाने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई थी। तीनों नगर पालिकाओं में 16-16 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी। मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ है।

### इनकी रही अहम भूमिका

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में एसडीएम एवं कलायत आरओ अजय हुड्डा, कैथल एसडीएम एवं पूंडरी आरओ अजय सिंह, गुहला एसडीएम एवं सीवन आरओ कैप्टन प्रमेश कुमार व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका रही। वहीं चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया, पुलिस पर्यवेक्षक धारणा यादव तथा खर्च पर्यवेक्षक चुनाव प्रक्रिया पर पूरी निगरानी बनाए हुए हैं। तीनों नगर पालिकाओं में कुल 12 ड्यूटी मजिस्ट्रेट, 21 सुपरवाइजर तथा 263 पोलिंग स्टाफ सहित अन्य स्टाफ लगाया गया था। चुनाव की पूरी निगरानी रखी गई तथा समय-समय पर विभागों के उच्च अधिकारियों से तालमेल बनाकर शांति पूर्ण, निष्पक्ष व सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न करवाने में भूमिका निभाई गई।



कैथल। परदा निकाले मतदान के लिए पहुंची महिलाएं।




मतदान के बाद अंगुली पर लगी स्याही को दिखाते मतदाता

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ निकाय चुनाव



एसपी राजेश कालिया मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

रविवार को सीवन, पूंडरी व कलायत नगरपालिका चुनाव संपन्न हुआ, जिस दौरान जिला पुलिस सजगता सतर्कता के साथ डयुटियो पर डटी रही। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस पुरी तरह से सतर्क रही। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। चुनाव दौरान पुलिस द्वारा बरती गई चौकसी सतर्कता सख्ताई से जिला में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी राजेश कालिया की बेहतरीन प्लानिंग और लीडरशिप के जरिए पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने में सफल रही। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी राजेश कालिया द्वारा कलायत, पूंडरी व सीवन में स्वयं बूथों तथा ई वी एम स्ट्रांग रूम पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा वहां मौजूद सभी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को चुनाव से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि चुनाव में निष्पक्ष डयूटी के दौरान आमजन से मधुर व्यवहार करें तथा किसी पार्टी विशेष बारे बातचीत न करके अपनी ड्यूटी का बखूबी निर्वहन करे। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी के अलावा जिला के सभी डीएसपी, सम्बन्धित थाना प्रबंधक पूरे दिन मतदान के दौरान अपने अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण पर रहे।

# सीवन नगरपालिका चुनाव सीवन में करीब 78 प्रतिशत मतदान

- पहली बार नगरपालिका चुनाव, लोगों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन

सीवन नगरपालिका का चुनाव रविवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। पिछले कई दिनों से प्रत्याशियों द्वारा की जा रही मेहनत और उनका भविष्य मशीनों में बंद हो गया जिसका परिणाम 12 मार्च को सामने आएगा। सीवन के कुल 14886 मतदाताओं में से 11881 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। सीवन में लगभग 80 प्रतिशत मतदान हुआ। पहली बार का नगरपालिका चुनाव होने के कारण मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। सुबह के समय मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिली। लोग सुबह से ही मतदान के लिए लाइनों में लग गए। सीवन की बुजुर्ग वोटर 101 वर्षीय ईश्वर देवी ने अपने पूरे परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से इसी प्रकार से अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिल कर मतदान के लिए आती हैं। सभी वार्डों में प्रशासन के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले। बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर का भी इंतजाम किया गया था और साथ ही रैम्प आदि की भी सही व्यवस्था थी। इसके साथ ही रैड क्रास की ओर से स्वयं सेवक भी पहुंचे हुए थे जो दिव्यांग व बुजुर्ग वोटरों की सहायता कर रहे थे। सीवन के बूथ नम्बर 6 में मशीन के एक बटन पर श्याही लगी होने को लेकर प्रत्याशियों के मतदान अभिकर्ता ने शिकायत की। अभिकर्ता का कहना था कि एक विशेष प्रत्याशी की पहचान बताने के लिए मशीन के एक बटन पर श्याही लगा कर निशान लगाया गया था। बाद में ए.आर.ओ. ने मशीन के बटनों को साफ करवाया। इस कारण से मतदान आधा घंटा रुका रहा। चुनाव के कारण नगर की अधिकतर दुकानें बंद रही। सुबह इक्का दुक्का दुकानें ही खुली दिखाई दी। दोपहर बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोलनी आरंभ की।




सीवन। मतदान के लिए कतार में लगी महिलाएं व सीवन में पहली बार वोट डालने पहुंची नेहा।

### बूथ पोल

बूथ 1 में कुल 785 में से 580 पोल बूथ 2 में कुल 1305 में से 1067 पोल बूथ 3 में कुल वोट 637 में से 512 पोल बूथ 4 में कुल वोट 809 में से 638 पोल बूथ 5 में कुल वोट 563 में से 468 पोल बूथ 6 में कुल वोट 1087 में से 929 पोल बूथ 7 में कुल वोट 581 में से 445 पोल बूथ 8 में कुल वोट 1009 में से 859 पोल बूथ 9 में कुल वोट 1034 में से 839 पोल बूथ 10 में कुल वोट 1445 में से 1118 पोल बूथ 11 में कुल वोट 934 में से 739 पोल बूथ 12 में कुल वोट 1487 में से 1168 पोल बूथ 13 में कुल वोट 1192 में से 879 पोल बूथ 14 में कुल वोट 919 में से 739 पोल बूथ 15 में कुल वोट 750 में से 596 पोल बूथ 16 में कुल वोट 349 में से 305 पोल।



सीवन में वोट डालने पहुंची 101 वर्षीय ईश्वर देवी अपने परिवार के साथ

# कालेजियम नंबर 23 से प्रवीन तथा कालेजियम 71 से सुभाष

- जाट हाई स्कूल सोसाइटी के दो कालेजियम के करवाए चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

करनाल रोड स्थित जाट हाई स्कूल सोसाइटी के सभी 75 कालेजियम सदस्यों का चुनाव अब संपन्न हो चुका है। रविवार को कालेजियम नंबर 23 और 71 के लिए मतदान हुआ था। मतदान के लिए अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हुई थी। कालेजियम नंबर 52 में केवल सतीश कुमार ने नामांकन किया था, जिस कारण उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया था। मतदान होने के बाद शाम को ही दोनों कालेजियम का परिणाम घोषित कर दिया गया।

कालेजियम नंबर 23 में प्रवीन को 107 वोट तो दूसरे स्थान पर रहे गुरदेव को 74 वोट मिले। प्रवीन ने 33 वोट से चुनाव को जीत लिया। इस कालेजियम में 195 वोट थे, जिनमें से 181 वोट पोल हुए थे। कालेजियम 71 में सुभाष चंद्र ने 131 वोट तो दूसरे स्थान पर रहे कर्ण सिंह को 41 वोट मिले। सुभाष चंद्र ने 90 वोट से चुनाव जीत लिया। इसमें कुल 272 वोट थे, जिसमें से 172 वोट की पोल हुए थे। इन प्रत्याशियों



जाट हाई स्कूल सोसायटी के कोलाजियम के लिए मतदान करते मतदाता

# पूंडरी नगरपालिका में 74.5 प्रतिशत मतदान

## वार्ड नं एक पर एक वोट को लेकर हुई गहमा गहमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पूंडरी में नगरपालिका चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान के अंतिम समय तक कुल 74.5 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। 16 वार्डों वाली इस पालिका के दो वार्ड—वार्ड नं. 2 और वार्ड नं. 11 में भाजपा प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध विजयी हो चुके थे। शेष 14 वार्डों और तीन चेयरपर्सन पद के लिए मतदान हुआ। मतदान के दौरान वार्ड नं. 1, जिसे इस चुनाव की सबसे हॉट सीट माना जा रहा था, में दोपहर 2 बजे हल्का हंगामा हुआ। यह हंगामा तब हुआ जब एक प्रत्याशी के पोलिंग एजेंट ने एक मतदाता पर गलत बूथ पर मतदान करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह व्यक्ति नशे की हालत में था और अपने बूथ का सही स्थान नहीं जानता था। प्रशासन ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया और मतदान प्रक्रिया फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गई। पूंडरी नगरपालिका चुनाव में कई मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया और उनका उत्साह अलग नजारा आया।



पूंडरी। मतदान के लिए लगी मतदाताओं की लाइन।

### ईवीएम में कैद हुई किस्मत

पूंडरी नगरपालिका चुनाव में कुल 44 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनकी किस्मत अब ईवीएम में बंद हो चुकी है। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ,ल और मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। प्रत्याशियों के समर्थक सुबह से ही मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए गाड़ियों और अन्य साधनों की व्यवस्था कर रहे थे।

### विधायक भी रहे सक्रिय

पूंडरी नगरपालिका चुनाव में विधायक सतपाल जांबा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने चुनाव के दौरान लगातार सभी मतदान केंद्रों का दौरा किया और नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में करने की अपील की। उन्होंने कहा मतदान करना हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। हमें अपने शहर के भविष्य को आकार देने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

### कितने प्रतिशत हुआ वार्ड में मतदान

वार्ड नं 1 में 74.4 प्रतिशत
वार्ड नं 2 में 68.84
वार्ड नं 3 में 79.63
वार्ड नं 4 में 74.55
वार्ड नं 5 में 78.87
वार्ड नं 6 में 72.94
वार्ड नं 7 में 72.56
वार्ड नं 8 में 73.83
वार्ड नं 9 में 70.29
वार्ड नं 10 में 72.79
वार्ड नं 11 में 68.01
वार्ड नं 12 में 74.55
वार्ड नं 13 में 79.42
वार्ड नं 14 में 78.67
वार्ड नं 15 में 72.39
वार्ड 16 में 76.76 प्रतिशत

**प्रोत्साहन** | ड्राई-ब्यूटी प्रतियोगिता में पांचवीं बार चैंपियन बनी अनमोल

# एडीसी ने किया नेशनल चैंपियन बनी गांव नरड़ की भैंस अनमोल के मालिक संजीव शर्मा को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कैथल के अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा रविवार को एनडीआरआई करनाल में आयोजित ड्राई-ब्यूटी प्रतियोगिता में प्रथम आकर पांचवीं बार चैंपियन बनी अनमोल भैंस के मालिक नरड के पशुपालक संजीव शर्मा से मिले। उन्होंने भैंस को देखा तो इसके पालन बारे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पशुपालक को जिला व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया तथा इसी प्रकार लगन से काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उनके गांव नरड के सरपंच प्रतिनिधि सतीश धीमान, कुलबीर चहल, खजान सिंह, संजीव शर्मा तथा नरेंद्र कुमार भी रहे। बता दें कि अनमोल भैंस ने 27 फरवरी से एक मार्च को करनाल के एनडीआरआई आयोजित प्रतियोगिता में पांचवी बार नेशनल चैंपियन का खिताब जीता है। एनडीआरआइ द्वारा इस भैंस को सुपर मुर्राह नस्ल में रखा गया है और इसका स्टेच्यू बनाकर करनाल एनडीआरआई म्यूजियम में रखा जाएगा। संजीव ने बताया कि 2022 में भी अनमोल नरड़ डीएफए मेले में मिल्क-ब्यूटी कम्पीटिशन में प्रथम आकर ऑल इंडिया चैंपियन बनी थी। 2023 में अनमोल नरड़ ने 26.513 किलो दूध के साथ नया रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जिसमे अनमोल नरड़ 2022-2023 में जिले में में प्रथम स्थान पर रही। इसके अलावा 2023 में भी अनमोल नरड़ ने छह महीने की डिलीवरी के बाद भी मिल्क-ब्यूटी कम्पीटिशन में हिस्सा लेकर प्रथम स्थान पाया। पानीपत के मतलोडा में हुई राष्ट्रीय पशु प्रदर्शनी में भी ड्राई-ब्यूटी प्रतियोगिता में प्रथम आकर चैंपियनशिप जीती। संजीव शर्मा लगभग पिछले 10 साल से नस्ल-सुधार पर अच्छे स्तर पर कार्य कर रहे हैं।



- गांव नरड़ पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त का स्वागत करते पशुपालक संजीव शर्मा

# बच्चों में अच्छे संस्कारों की कमी चिंता का विषयः राजा सिंह झींजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला चीका

बच्चे अच्छे संस्कारों और नैतिक शिक्षा से ही स्वर्णिम समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं लेकिन दिन प्रतिदिन बच्चों में हो रही अच्छे संस्कारों की कमी चिंता का विषय है। यह विचार राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो सदस्य प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहे। झींजर ने कहा कि अगर समाज और राष्ट्र को नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त बनाना है तो हर मां-बाप को अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा पर ध्यान देना होगा ताकि वह भविष्य का एक संस्कारी नागरिक बन सके। एनएचआरसीसीबी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार जी के निर्देशन में बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों को समाज में पनप रही अनेक कुरीतियों एवं बुराइयों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है ताकि अपराध मुक्त समाज की स्थापना की जा सके। प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने कहा कि आज समाज में जिस कदर लूट-खसोट व मार-पीट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं उनके पीछे एक मात्र कारण संस्कारी शिक्षा की कमी है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के अनुचित उपयोग से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि हमेशा मीडिया के अच्छे शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का ही आनंद लेना चाहिए। संस्कृत प्राध्यापक प्रीतम दास ने किताबें के पढ़ने पर जोर दिया।



गुहला चीका। बच्चों को अच्छे संस्कारों एवं नैतिक शिक्षा का महत्व बताते एनएचआरसीसीबी सदस्य राजा सिंह झींजर व अन्य।

## खबर संक्षेप



नरवाना। यज्ञ में आहूति डालते हुए।

### बाबा गैबी साहब मंदिर में लगाया वार्षिक भंडारा

**नरवाना।** नरवाना बाबा ग़ैबी साहब मंदिर में रविवार को वार्षिक भंडारे आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओंए बच्चों व पुरुषो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। महंत अजय गिरीं ने बताया कि मंदिर में हर साल भक्तों के सहयोग से भण्डारे का आयोजन किया जाता है। बाबा ग़ैबी साहब मंदिर के सचिव महेंद्र गर्ग ने आगे बताया कि वह इस अवसर पर हल्का विधायक एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी भी शामिल हुए और उनको उनके सम्पूर्ण सहयोग के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य नागरिक के साथ आशुतोष शर्मा, विशाल मिर्धा, रामचंद्र मिर्धा, सुभाष चहल, सुखदेव शर्मा, विकाश पडित, अशोक मिर्धा, सुरेश मोर, सतीश सैनी, पुनीत गोयल आदि मौजूद रहे।

### मंडी में श्री श्याम होली महोत्सव 13 मार्च को

**जींद।** 13 मार्च को फायर बिग्रेड के पास वाली मंडी में श्री श्याम होली महोत्सव का आयोजन हो रहा है। श्री श्याम परिवार उचाना मंडी द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विकास गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शाम छह बजे होगा। पुष्प वर्षा एवं मनमोहक झांकी कार्यक्रम को शोभा को बढ़ाएगी।

### किसानों को जल्द मुआवजा दे सरकार

**नरवाना।** किसानों पर प्राकृतिक आपदा की मार लगातार जारी है। पिछले महीने 20 फरवरी की रात आई आंधीए बारिश और ओलावृष्टि से गांव उझाना और आस पास के गांवों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों की छह महीने की मेहनत पर पानी फिर गया। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बिछ गई। इसके बाद अब 28 फरवरी को भी इस क्षेत्र में बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों से मुलाकात की। सुरजेवाला ने उझाना, नेपेवाला, कोयल, गढी, धनौरी गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि नरवाना से ज्यों-ज्यों हम बॉर्डर की ओर बढ़ते जाते है त्यों-त्यों ओलावृष्टि का कहर दिखाई देता है। वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सुरजेवाला ने सरकार को ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की स्पेशल गिरदावरी करवानेए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल और मुआवजा जारी करवाने की मांग की।

### दुकानदार को बातों में उलझाकर सामान चुराया

**जींद।** भारत नगर गली नंबर दो में महिला दुकानदार को बातों में उलझा कर चार महिलाएं 20 सूट व लगभग 40 हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भारत नगर गली नंबर दो निवासी किरण ने बताया कि वह अपनी साक्षी क्लॉथ हाउस दुकान पर बैठी थी। तभी चार महिलाएं आई और सूट दिखाने के लिए कहा। महिलाओं ने उसे बातों में उलझा लिया और दुकान में रखे 20 सूट व 40 हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गई।

### पात्र करदाता 31 तक ले सकते हैं योजना का लाभ

**जींद।** केंद्र सरकार द्वारा घोषित जीएसटी एमनेस्टी योजना 2024 के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज व जुर्माना में छूट दी जाएगी। इसमें उनकी कुल देयता में कमी आएगी और उन्हें मात्र बकाया कर का ही भुगतान करके ब्याज व जुर्माने की माफी के लिए जीएसटी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त विजय कुमार ने बताया कि योजना को प्रदेश सरकार द्वारा भी अधिसूचित किया जा चुका है।

---

### पंचायत करवाएगी टूट-फूट ठीक, विभाग देगा बजट

# बेहतर पेयजल के लिए सिंगल विलेज योजना होगी शुरू

एक अप्रैल से लागू होगी योजना, गांव में पेयजल की आपूर्ति का काम पंचायतों के साथ मिलकर करवाया जाएगा, प्रथम चरण में 245 गांवों की सूची की तैयार



जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जनस्वास्थ्य विभाग जिले के हर घर को बेहतर पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए एक अप्रैल से सिंगल विलेज योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना में प्रथम चरण में 245 गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों में बेहतर पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए ग्राम पंचायत व जनस्वास्थ्य विभाग को अलग-अलग काम बांटा जाएगा ताकि गांव में पेयजल उपलब्ध करवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए। इस योजना के तहत जनस्वास्थ्य विभाग पेयजल की सप्लाई पंचायत विभाग के साथ मिल कर करेगा। इसमें गांव के हर घर तक पानी पहुंचाने, पाइप की लिकेज बंद करने, गांव के हर घर से बिल एकत्रित करना, नया कनेक्शन चालू करवाना, व्यर्थ बह रहे पानी को बंद करवाना रहेगा। इसके अलावा जनस्वास्थ्य विभाग गांव में नई पाइप लाइन बिछवाने, जलघर बनवाने या फिर ट्यूबवैल लगवाने समेत अन्य बड़े काम खुद अपने हाथों में रखेगा। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों के खाते आईडीबीआई बैंक में खुलवाए जाएंगे।

इस खाते में जनस्वास्थ्य विभाग सभी ग्राम पंचायतों को जरूरत के अनुसार बजट भी जारी करेगा। इसके विपरित गांव से बिल एकत्रित करके पंचायत को भी यह रुपया इसी खाते में जमा करवाना होगा। गांव से बिल की जमा होने वाली राशि को जनस्वास्थ्य विभाग अपने पास नही रखेगा बल्कि इस राशि को भी पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए खर्च किया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग एक साथ तीन माह का बजट बना कर गांव की पंचायत के खाते में डालेगा ताकि पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए ग्राम पंचायत को बजट का बार बार इंतजार न करना पड़े।

#### पंचायतों की भागीदारी अधिक रहेगी

जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि सिंगल विलेज योजना एक अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब हर घर को बेहतर पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग व ग्राम पंचायत मिलकर काम करेंगी। इस कार्य में पंचायतों की भागीदारी अधिक रहेगी। गांव से मिलने वाले राजस्व को गांव के ही विकास कार्य पर खर्च किया जाएगा।

#### पेयजल का बिल ग्राम पंचायत करेगी निर्धारित

गांव में पेयजल का बिल ग्राम पंचायत को ग्राम सभा की बैठक में निर्धारित करना होगा। इसमें ग्राम पंचायत को अधिकार मिलेगा कि वह गांव में किस वर्ग के लोगों से कितना बिल भरवाया जाएगा। विभाग के नियमानुसार कम से कम एससी वर्ग के लोगों से 20 रुपये व सामान्य वर्ग के लोगों से 40 रुपये न्यूनतम मासिक किया गया है। इससे ज्यादा ही बिल निधारित किया जाना है।

#### बजट के अभाव में पहले देरी से होते थे काम

ग्राम पंचायत को पहले गांव में पेयजल की आपूर्ति के लिए विभाग से मिलने वाले खर्च का इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब उनके खाते में पैसे होने से पेयजल आपूर्ति में होने वाली बाधा को तुरंत ठीक करवा सकेंगे। इसके लिए ग्रामीणों को भी पेयजल के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

#### पेयजल कनेक्शन को लेकर यह राशि निर्धारित

जनस्वास्थ्य विभाग विश्वास पोर्टल पर प्रत्येक कनेक्शन को ऑनलाइन जोड़ेगा। इसके लिए शुल्क सीमा निर्धारित की गई है। इसमें घरेलू नया कनेक्शन करवाने, कनेक्शन को कटवाने पर 50 रुपये, व्यवसायिक कनेक्शन कटवाने व जुड़वाने के लिए 100 रुपये, पानी के मीटर की जानकारी बिश्वास पोर्टल पर जोड़ने के 50 रुपये, घरेलू नए सीवर कनेक्शन को जोड़ने के लिए 50 व व्यावसायिक के लिए 100 रुपये लिए जाएंगे। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बिल व नए कनेक्शन से संबंधित काम दिया जाएगा। मानदेय के रुप में इनको कुल राशि का 10 प्रतिशत कमीशन मिलेगा।

---

# सफाई कर्मियों ने बीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

- गुलाब बने सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

नेहरू पार्क में रविवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन का द्वितीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में 19 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें गुलाब बिरौली को जिला प्रधान, पवन कुमार को जिला सचिव व सुल्तान दुड़ाना को कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन के बाद ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्य महासचिव विनोद कुमार व जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा 24 नवंबर को जींद में डीएससी समाज की रैली में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के वेतन को 26 हजार रुपये करने की घोषणा की थी। अब केवल एक हजार रुपये बढ़ोत्तरी के नोटिफिकेशन पर चर्चा की है। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि नायब सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों कि भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

---

# श्रद्धालुओं ने लगाए बाबा श्याम के जयकारे

- धूमधाम से हुई बाबा खाटू श्याम प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭सफीदों



सफीदों। कीर्तन का आनंद लेते हुए श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि


सफीदों नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सतनारायण मंदिर में हारे के सहारे बाबा श्याम खाटू प्रतीमा की प्राण प्रतिष्ठा रविवार को धूमधाम से संपन्न हुई। कार्यक्रम का संयोजन मंदिर समिति के प्रधान राकेश गोयल भोला ने की। रविवार सुबह ही वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी। उसके उपरांत हवन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर समाज की सुख शांति की कामना की गई। हवन के पश्चात बाबा श्याम खाटू प्रतीमा की मंदिर में स्थापना की गई। बाबा श्याम प्रतीमा का श्रृंगार विशेष रूप से दृशनीय था। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने हारे के सहारे बाबा श्याम की जय के गगनभेदी नारों से मंदिर को गुंजायमान कर दिया। वहीं श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम प्रीमा के सम्मुख माथ टेकर मन्नतें मांगी।

---

# सेक्टरों में पेयजल सप्लाई का संकट

- अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। सप्लाई में आ रहा गंदा पानी।

सेक्टरों में पेयजल सप्लाई का संकट होने पर लोग परेशानी में हैं। कहीं पेयजल सप्लाई पूरी नहीं आ रही है तो कही सीवरेज का पानी पेयजल में मिक्स आ रहा है। अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इस कारण सेक्टर छहए सातए आठ और नौ के लगभग 1400 घरों में रहने वाले लगभग आठ हजार लोग परेशान हैं। रेंडीजेंड वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर छह के प्रधान डा. संजय शर्मा ने बताया कि उनके सेक्टर में पिछले तीन-चार दिन से पेयजल सप्लाई की परेशानी बनी हुई है। पानी की सप्लाई पूरी तरह नही आ रही है। इस कारण घरों की टंकियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। पेयजल की पाइप लाइन एक जगह से लीक है। इसकी शिकायत शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय के अधिकारियों को दी गई थी। कर्मचारी मौके पर आए भी थे लेकिन लीकेज को अच्छी तरह बंद नहीं किया गया।

#### करवाया जाएगा समाधानः जेई

एचएसवीपी जेई अनुज ढांडा ने बताया कि पेयजल सप्लाई में बदबू आने की काई शिकायत नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो प्राथमिकता से समस्या का समाधान किया जाएगा। एचएसवीपी के वाटर वर्कस में पानी कम बचा है। ऐसे में टैक्टर की मदद से पानी टैंक में भरा जा रहा है। ट्यूबवेल से सप्लाई दी जा रही है।

---

# चाइल्ड केयर लीव के लिए लेनी होगी एनओसी

- मौलिक शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। जिला मौलिक शिक्षाा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा। फोटो: हरिभूमि

चाइल्ड केयर लीव और विदेश जाने वाले शिक्षकों को अब एनओसी लेनी होगी। इसके लिए लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। इन मामलों में एक महीना पहले ही अनुमति से संबंधित पत्र भेजना होगा। उसके बाद मंजूरी दी जाएगी। इसमें स्कूल प्राचार्य को भी विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी देनी होगी ताकि समय अवधि तक दूसरे अध्यापक की वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके और विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से चलाई जा सके। चाइल्ड केयर लीव से संबंधित मामलों में प्रार्थी के बच्चे की आयु की जांच करना अनिवार्य किया गया है। सीसीएल या विदेश जाने से संबंधित पूरे मामले को स्कूल प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं प्रमाणित कर निदेशालय में भेजना होगा। भविष्य में सीसीएल व विदेश जाने से संबंधित मामले निर्धारित नियमों का पालन किए बिना निदेशालय में भेजे गए तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

महिला शिक्षकों को चाइल्ड केयर लीव में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की देखभाल के लिए महिला शिक्षक छुट्टी ले सकती हैं। इसमें एक समय में ज्यादा से ज्यादा लगभग अढाई महीने की छुट्टी महिला शिक्षकों को मिल जाती है। कई बार शिक्षक 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों की देखभाल के लिए भी सीसीएल व विदेश जाने के लिए भी छुट्टियां अप्लाई कर देते थे। अब इसके लिए शिक्षकों को संबंधित स्कूल के प्राचार्य व खंड शिक्षा अधिकारी एनओसी देंगे।

#### एक महीना पहले निदेशालय को करवाना होगा अवगतः डा. वर्मा

*जिला मौलिक शिक्षाा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि छुट्टी पर जाने वाले शिक्षक की जगह दूसरे वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था भी करनी होगीए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। इसके बारे में निदेशालय से पत्र जारी हुआ है। चाइल्ड केयर लीव या फि र विदेश जाने से संबंधित मामले के बारे में मौलिक शिक्षा निदेशालय के पास कम से कम एक महीना पहले अवगत कराना होगा।*

---

# बस चालकों व परिचालकों को बताए नियम

- नरवाना बस स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना



नरवाना। स्पेशल अभियान चलाते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार रविवार को नरवाना बस स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बस चालकों और परिचालकों ;कंडक्टरों को यातायात नियमों के प्रति अधिक जागरूक बनाना और उन्हें वर्दी पहनने के प्रति सख्ती से प्रेरित करना था। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी भीम सिंह ने बस चालकों और कंडक्टरों को यातायात नियमों की महत्ता समझाई और उन्हें यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि वे निर्धारित वर्दी पहनें। इसके साथ हीए हेलमेटए सीट बेल्टए निर्धारित गति सीमा और अन्य सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। चालकों और कंडक्टरों को दिए आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अभियान के तहत भीम सिंह ने सार्वजनिक परिवहन के चालकों से अपील की कि वे यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

#### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी

पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिना वर्दी के पाए जाने वाले बस चालकों और कंडक्टरों पर जुर्माना लगाया जा सकता हैए वहीं यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों ने कहाए ष्हमारा लक्ष्य चालकों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यदि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करेंगेए तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलेगी।

---

# लीग मैच के लिए चार टीम क्वालीफाई

- चौधरी रणबीर सिंह विवि में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विवि हैंडबाल महिला प्रतियोगिता का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय हैंडबाल महिला प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को चार टीमों ने लीग मैच के लिए क्वालीफाइ किया। सुबह के सत्र में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल को 20-10 के अंतर से हराया। चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी ने जीएनडी यूनिवर्सिटी अमृतसर को 25-23 के स्कोर से हराया। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने दिल्ली यूनिवर्सिटी को 25-24 के अंतर से हराया। एलपीयू यूनिवर्सिटी फगवाड़ा ने भी क्वालीफाई किया। सभी क्वालीफाई चारों टीमों के मध्य लीग मैच कराए जाएंगे और सभी टीमें आपस में मैच खेलेंगी। रविवार को प्रतियोगिता के शुभारंभ पर भाजपा नेता प्रशांत ढांडा ने शिरकत की। उन्होंने सभी युवा खिलाडिय़ों से परिचय किया व अच्छा खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और खेल को खेल की भावना से खेलने का भी संदेश दिया। भारतवर्ष खेलों के क्षेत्र में लगातार मेडल टैली में आगे बढ़ रहा है।

---

### राजकीय विद्यालय करसोला में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम

# व्यक्ति के विनाश का द्वार खोलता है नशा : डीसी

- नशीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि के साथ ही समाज में सम्मान भी होता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। मंच पर मौजूद डीसी व एसपी राजेश कुमार। फोटो: हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाशए निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार खोलता है। इसके कारण परिवार तक टूट रहे हैं। कुछ युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ प्रतिबंधित दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है। इस आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त करना परमावश्यक है। डीसी गांव करसोला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भी विषेश रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि नशा करने से इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू और धुम्रपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक सम्मान भी कम होता है।

#### मुहिम में जिला प्रशासन का करें सहयोग

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का किसी भी धर्म में इनका समर्थन नहीं किया गया है। संविधान में भी इन पदार्थो का विरोध किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग भी लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए है। जिसके चलते बहुत से लोगों ने नशे को छोड़ा भी है। नशा बिक्री संभावित क्षेत्रों में मादक पदार्थों की रोक के लिए पुलिस विभाग की टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है और ऐसे लोग जो नशे से जुड़े पदार्थों का इस्तेमाल व कारोबार करते हैं, उनके खिलाफ भी सख्ती बरती जा रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ च लाई जा रही इस मुहिम में शामिल होकर जिला प्रशासन का सहयोग करें। अगर आस पास कहीं भी नशा बिक्री होता है तो उसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को अवश्य दें। इस मौके पर नशा मुक्ति अभियान के जिला इंचार्ज नरेश कुमार, स्कूली अध्यापक एवं ग्राम पंचायत सदस्य तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

|| ॐ शांतिः ||



शोक संदेश

आपको दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माता जी

श्रीमती माया देवी

(धर्मपत्नी स्व. श्री रणधीर सिंह अहलुवालिया, फतेहपुर)

का स्वर्गवास वीरवार, 20 फरवरी 2025 को हो गया है।

श्रद्धांजलि सभा एंव रस्म पगड़ी

मंगलवार, 4 मार्च 2025

रस्म पगड़ी ------------- प्रातः 11:00 बजे

ब्रह्मभोज ------------- दोपहर 12:00 बजे

स्थानः जशन पैलेस (हाबडी रोड, पुण्डरी, जिला कैथल हरियाणा)

गूगल मैप :

शोकाकुलः मुकेश वालिया, मुनीष चक्रवर्ती, राजेश वालिया

मो. 9871910827